# दुकानों/गोदामों की नीलामी सूचना

मण्डी समिति बीसलपुर के समस्त लाईसेन्सधारक व्यापारी फल–सब्जी एवं खाद्यान्न को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल बीसलपुर परिसर के फल–सब्जी प्रखण्ड की नव निर्मित 06 नग 'स' श्रेणी की दुकानों व गल्ला प्रखण्ड में 05 नग गोदाम (200 एम0टी0) तथा स–श्रेणी की 05 दुकानें की नीलामी/आवंटन दिनांक 22.06.2022 को प्रातः 10:00 बजे पीलीभीत कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी महोदय, पीलीभीत की अध्यक्षता में की जायेगी। दुकानों हेतु वहीं लाईसेन्सधारक व्यापारी आवेदन कर सकते है जिनके पास दुकान न हो। नीलामी/आवंटन में भाग लेनी वाली इच्छुक फर्में मण्डी समिति कार्यालय से रू. 295.00 (जी0एस0टी0 सहित) नकद जमा करके आवेदन पत्र प्राप्त कर सकती है। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर, नीचे तालिका अनुसार पंजीकरण शुल्क धनराशि (बैंक ड्राफ्ट/नकद) के साथ दिनांक 11.06.2022 की साय 4.00 बजें तक मण्डी समिति,बीसलपुर के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। दुकानों/गोदामों के आवंटन में आरक्षण उत्तर प्रदेश शासन कार्मिक अनुभाग–2 संख्या–5/2019/4/1/2002/का–2019 टी.सी.1 लखनऊ दिनांक 13 अगस्त,2019 के शासनादेशों के अनुसार अनुमन्य है। सक्षम स्तर से आरक्षण सम्बन्धित प्रमाण–पत्र के प्रमाणित प्रति समिति को उपलब्ध करने पर ही आरक्ष्ण का लाभ दिया जा सकेंगा। आवेदक को विगत तीन वर्षो (2019–20,,20–21,21–22) का मण्डी शुल्क/यूजर चार्ज एवं टर्न ओवर आवेदन पत्र के साथ साफ एवं सही भर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा। दुकान/गोदाम आवंटन नीलामी में केवल फर्म के आवेदक अथवा उसके द्वारा नामित प्रतिनिधि ही बोली प्रकिया में भाग ले सकते है। बोली स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार आवंटन कमेटी में निहित होगा। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य दिवस के कार्यावधि में देखी जा सकती।

## रिक्त दुकानों/गोदामों की आरक्षण वार स्थिति

| क्र. सं. | फल–सब्जी व खाद्यान्न प्रखण्ड | अनु.जाति हेतु आरक्षित दुकान/गोदाम | पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित दुकान/गोदाम | सामान्य वर्ग हेतु आरक्षित दुकान/गोदाम | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | प्रीमियम धनराशि (प्रति नग) रू0 लाख में | पंजीकरण धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स–श्रेणी की 06 नग (फल–सब्जी) | 01, 05 एवं 15 | 03 एवं 19 | 04 | – | 3.99 + GST | 40000/- |
| 2 | स–श्रेणी की 05 नग (खाद्यान्न) | – | 07, | 08, 12 एवं 18 | 10 | 2.37 + GST | 30000/- |
| 3 | 05 नग गोदाम (खाद्यान्न) | 01 एवं 05 | 03 | 02 एवं 04 | – | 3.56 + GST | 40000/- |

सचिव सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
बीसलपुर (पीलीभीत)

**कार्यालय, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बीसलपुर**
नवीन मण्डी स्थल,– बीसलपुर (पीलीभीत) 262201

पत्रांकः– कृ0उ0म0स0/दु0आ0/2022– 1503 दिनांकः– 30-05-2022

**प्रतिलिपिः–**

1. विज्ञापन व्यवस्थापक दैनिक हिन्दी समाचार पत्र दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान को इस आशय के साथ कि उक्त विज्ञापन शासकीय दरों पर कम से कम साइज में एक बार प्रकाशित कराकर विज्ञापन बिल, विज्ञापन प्रति के साथ समिति कार्यालय में भुगतान हेतु प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
2. उपनिदेशक (प्रशा0/विप0), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, बरेली/सदस्य आवंटन कमेटी को सूचनार्थ।
3. उपजिलाधिकारी, बीसलपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
4. उपनिदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, बरेली/सदस्य आवंटन कमेटी को सूचनार्थ।
5. सम्भागीय लेखाधिकारी, राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, बरेली/सदस्य आवंटन कमेटी।
6. सिस्टम एनालिस्ट, राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, लखनऊ को इस आशय से कि उक्त सूचना मण्डी परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. नजारत अधिकारी,पीलीभीत को इस आशय से कि दुकानों के आवंटन हेतु निर्धारित तिथि व समय पर गांधी सभागार को आरक्षित करने हेतु।
8. श्री सतीश चन्द शर्मा मण्डी अभिरक्षक को इस आशय से कि कार्यालय नगर पालिका, उपजिलाधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय के नोटिस बोर्डो पर चस्पा कराने हेतु।
9. कार्यालय नोटिस बोर्ड मण्डी समिति बीसलपुर पर चस्पा हेतु।
10. सम्बन्धित पत्रावली।

सचिव 30.5.22
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
बीसलपुर (पीलीभीत)